**एक नजर में**

### लापरवाही पर उपयंत्री को नोटिस जारी करें

**गुना।** जिपं सीईओ अभिषेक दुबे ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान चांचौड़ा ब्लॉक के मृगवास सेक्टर में मनरेगा कार्यों की खराब प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। कार्यों में अपेक्षित सुधार न होने और लापरवाही बरतने के कारण उन्होंने संबंधित उपयंत्री रविकांत शर्मा को कारण बताओ सूचना पत्र (शो-कॉज नोटिस) जारी करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ ने स्पष्ट किया है कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, लक्ष्य पूरा न करने पर कार्रवाई जारी रहेगी।

### गुना में जिला स्तरीय रोजगार मेला 24 को

**गुना।** सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम तथा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशन में आगामी 24 दिसंबर 2025 को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। 'युवा संगम' कार्यक्रम के तहत आयोजित यह मेला जिला पंचायत विश्राम गृह, गुना में प्रात: 11:00 बजे से प्रारंभ होगा। नोडल अधिकारी एवं जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीना ने बताया कि इस मेले में उच्च शिक्षा विभाग और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से निजी क्षेत्र की प्रदेश स्तरीय विभिन्न नामी कंपनियां शामिल होंगी। कंपनियां साक्षात्कार के माध्यम से पात्र युवाओं को विभिन्न पदों पर चयनित कर रोजगार प्रदान करेंगी। इसके साथ ही मेले में अप्रेंटिसशिप के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता इस रोजगार मेले में जिनकी शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक या आईटीआई है। इच्छुक आवेदकों को अपने साथ सभी मूल प्रमाण पत्र और उनकी छायाप्रति लेकर उपस्थित होने की सलाह दी गई है।

## पीएम आवास न बिकें, इसलिए हो रही साजिश और दहशतगर्दी

### जगनपुर क्षेत्र में फिर बदमाशों ने मचाया आतंक, पीएम आवास के सामने फायरिंग





**नवभारत न्यूज**

**गुना 22 दिस.। शहर के जगनपुर स्थित पीएम आवास कॉलोनी रविवार रात गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्रा उठी। रात करीब 10 बजे हुई इस वारदात से रहवासियों में भारी दहशत है। बदमाशों ने ईडब्ल्यूएस ब्लॉक 1 से 8 के सामने कई राउंड फायरिंग की, जिससे मकानों की खिड़कियों के कांच टूट गए। इस हमले में किचन में मौजूद एक युवक को गोली के छर्रे लगे हैं। पूरी वारदात को एक सुनियोजित षड्यंत्र बताया जा रहा है कि ताकि एक अच्छे वातावरण में विकसित हो रहे पीएम आवास को बेचने में परेशान हो।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब फायरिंग शुरू हुई तो शुरुआत में लगा कि कहीं आतिशबाजी हो रही है। लेकिन जब खिड़कियों के कांच टूटने की आवाज आई और शोर मचा, तब लोग बाहर निकले। घटना के सीसीटीवी फुटेज में दो से तीन बदमाश मुख्य सड़क पर खड़े होकर बेखौफ गोलियां चलाते नजर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही 15 मिनट के भीतर पुलिस मौके पर पहुँच गई थी। फायरिंग में ईडब्ल्यूएस ब्लॉक नंबर 1 में रहने वाले राजेश कलावत और आर्यन शिवहरे के ब्लॉक नंबर 5 के मकानों को निशाना बनाया गया है। दोनों ही मकान में लगीं खिड़कियों के कांच चकनाचूर हो गए। बताया जा रहा है कि आर्यन शिवहरे उस वक्त किचन में काम कर रहा था, जिसे गोली के छर्रे लगे हैं। कॉलोनी की महिलाओं और बच्चों में इस घटना के बाद से भारी खौफ देखा जा रहा है। इस घटनाक्रम को लेकर एक गंभीर संदिग्ध पहलू सामने आया है। दरअसल, सोमवार को नगरपालिका द्वारा इसी कॉलोनी के शेष बचे मकानों को बेचने के लिए एक 'मेले' का आयोजन किया जाना था। रहवासियों का आरोप है कि असामाजिक तत्व नहीं चाहते कि इस कॉलोनी का विकास हो या यहाँ और लोग आकर बसें। मेले से ठीक एक रात पहले हुई यह फायरिंग लोगों को डराने और मकानों की बिक्री रोकने की सोची-समझी साजिश नजर आ रहा है। गोलीबारी की घटना उस समय सामने आई जब लोग अलाव ताप रहे थे। इसके बाद दोबारा फायरिंग की गई है।

**लोग बोले, यह मकान खरीदकर बड़ी गलती कर दी**

घटना के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। रहवासियों का कहना है कि कॉलोनी में न बिजली की सही व्यवस्था है और न ही पानी की। मूलभूत सुविधाओं के अभाव के बीच अब जान का खतरा भी बना हुआ है। आक्रोशित लोगों ने यहाँ तक कहा कि पीएम आवास में मकान लेकर उन्होंने अपने जीवन की सबसे बड़ी गलती कर दी है। वारदात के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। फुटेज में बदमाश साफ तौर पर फायरिंग करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस अब इन बदमाशों की पहचान और उनके पीछे की मंशा की जांच कर रही है। पीएम आवास कॉलोनी में रहने वाले अब कलेक्टर से मामले की शिकायत करने की बात कह रहे हैं।

**एसपी ऑफिस पहुंचे रहवासी**

बीती रात फायरिंग जैसी सनसनीखेज वारदात झेलने के बाद पीएम आवास कॉलोनी में रातभर सन्नाटा पसरा रहा। रहवासियों ने बताया कि अधिकांश लोग ठीक से नहीं हो सके।

सुबह होते ही मीडियाकर्मियों को सूचना दी और बाद में एकत्रित होकर शाम को एसपी ऑफिस पहुंच गए। जहां उनकी मुलाकात एसपी अंकित सोनी से नहीं हो सकी, लेकिन मौजूद अधिकारियों को आवेदन देकर सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। लोगों ने पुलिस से फायरिंग करने वाले लोगों को पकड़ने के साथ ही बार-बार इस इलाके में दहशत फैलाने के षड्यंत्र का खुलासा करने की भी मांग की है।



## पुरानी दरों पर बेचे गए आवास, सिर्फ 3 बुकिंग ही हो सकी

एक तरफ पीएम आवास कॉलोनी में दहशत का मंजर था। वहीं दूसरी ओर सोमवार को नगर पालिका परिषद गुना द्वारा सोमवार को प्रधानमंत्री आवास स्थल पर सात दिवसीय 'आवास मेला' का भव्य शुभारंभ किया गया। मेले के पहले ही दिन तीन आवासों की बुकिंग संपन्न हुई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री ने जानकारी दी कि नागरिकों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस मेले का आयोजन एक सप्ताह के लिए किया गया है। आवास मेले की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि नगर पालिका द्वारा वर्ष 2018 की पुरानी दरों पर ही भवनों का विक्रय किया जा रहा है। इन आवासों को खरीदने के लिए किसी भी प्रकार की बंदिश नहीं रखी गई है, यानी कोई भी इच्छुक व्यक्ति इन्हें क्रय कर सकता है। मेले के दौरान प्रधानमंत्री आवास स्थल पर ही निर्मित एलआईजी एवं एमआईजी भवनों की बिक्री और उनके फाइनेंस की सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जा रही है। आवासों के तत्काल फाइनेंस हेतु विभिन्न बैंकों और नगर पालिका के कर्मचारियों की ड्यूटी मेला स्थल पर लगाई गई है। आयोजन के पहले दिन केनरा बैंक एवं पिरामल फाइनेंस के कर्मचारी ग्राहकों को ऋण संबंधी जानकारी देने हेतु उपस्थित रहे। नगर पालिका की ओर से सहायक यंत्री शैलेंद्र आवास्या, सुधीर श्रीवास्तव, ओ पी शर्मा और अरविंद रघुवंशी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा, जिन्होंने आगंतुकों को उपलब्ध आवासों और सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी।

## दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक उपकरण चिन्हांकन शिविर आयोजित




**नवभारत न्यूज**

**फतेहगढ़।** भारत सरकार की एडीप एवं राष्ट्रीय व्योश्री योजना के अंतर्गत सोमवार, 22 दिसंबर 2025 को पंचायत भवन फतेहगढ़ में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए कृत्रिम अंग तथा सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों और वृद्धजनों की पहचान कर उन्हें आवश्यकतानुसार जीवन सुगम बनाने वाले उपकरण उपलब्ध कराना है। आयोजित शिविर में कुल 52 हितग्राहियों ने अपना पंजीयन कराया। परीक्षण के उपरांत पात्र पाए गए व्यक्तियों को विभिन्न उपकरणों के लिए चिन्हांकित किया गया, जिनमें 22 कान की मशीन, 04 ट्राइसिकल, 18 छड़ी, 28 नी-ब्रेस, 18 एलएस बेल्ट, 15 व्हीलचेयर और 05 कृत्रिम अंग शामिल हैं। शिविर के दौरान कुल 31 दिव्यांगों एवं वरिष्ठजनों का चयन किया गया जिन्हें आगामी समय में इन उपकरणों का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर एलिम्को टीम के डॉक्टर नरेंद्र कुमार और डॉक्टर कृष्णा गुप्ता ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी पुष्पेंद्र व्यास, सरपंच प्रगति योगेश सहरिया, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी हृदेश सिंघल, सचिव भगवान सिंह यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शारदा तिवारी एवं जनपद पंचायत बमोरी के कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में आए ग्रामीणजनों को शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

## उधारी के विवाद पर सिंगवासा के पारदी समुदाय में खूनी संघर्ष, 7 घायल



**गुना।** कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगवासा में शनिवार और रविवार की दरमियानी रात पारदी समुदाय के दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। विवाद की जड़ 50 हजार रुपये की उधारी और एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की की जबरन शादी कराने का दबाव बताया जा रहा है। संघर्ष में कुल्हाड़ी, चाकू और फरसे जैसे घातक हथियारों का इस्तेमाल हुआ, जिसमें दोनों पक्षों के 7 लोग घायल हुए हैं। पीड़िता की छोटी मां नैनोद बाई के अनुसार, उन्होंने परम कौर के परिवार से करीब दो साल पहले 50 हजार रुपये उधार लिए थे। आरोप है कि अब लड़के वाले इस रकम के बदले ममीद सिंह की 14 वर्षीय नाबालिग बेटी की शादी अपने बेटे अलमान कपूर से कराने का दबाव बना रहा था। जब लड़की के माता-पिता ने बाल विवाह से इनकार किया और पैसे लौटाने की बात कही, तो आरोपियों ने कहा कि पैसे वापस मत करो, लड़की की शादी कर दो। घटना उस समय और उग्र हो गई जब शनिवार को नैनोद बाई के बेटे की सगाई का कार्यक्रम चल रहा था। आरोप है कि परम कपूर के परिवार ने वहां पहुंचकर व्यवधान डाला और मारपीट शुरू कर दी। रविवार तड़के दोबारा हमला किया गया। पीड़ितों का यह भी आरोप है कि रात में डायल 112 को सूचना देने के बावजूद पुलिस मौके पर नहीं पहुंची और उन्हें थाने आने को कहा गया। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों से लोग घायल हुए हैं, जिन्हें रविवार सुबह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लड़की पक्ष से नैनोद बाई (35), रस्ता कुमार (21) और ममीद सिंह (37) घायल हैं। इनका आरोप है कि 14 साल की नाबालिग बच्ची को भी पीटा गया। लड़का पक्ष से तल्ली सिंह, गिलकेशना, नमस्कार बाई और अलमान कपूर घायल हुए हैं।

आरोप और दावों में उलझी पुलिस वहीं दूसरे पक्ष का दावा है कि ममीद सिंह ने सगाई के नाम पर किश्तों में 1 लाख 70 हजार रुपये लिए थे। उनका कहना है कि वे केवल बातचीत करने और लड़की को कपड़े देने गए थे, जहां उन पर हमला किया गया। लड़की पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष ने कानून से बचने के लिए खुद को स्वयं घायल किया है ताकि मामला काउंटर केस में उलझ जाए। रविवार सुबह पुलिस के पहुंचने के बाद घायलों का उपचार शुरू हुआ। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है कि यह विवाद केवल उधारी का है या इसके पीछे बाल विवाह के लिए दबाव बनाना मुख्य कारण था।

## सोनखरा में सनसनीखेज वारदात, 15 लाख की चोरी



**गुना।** जिले के बमोरी थाना क्षेत्र के ग्राम सोनखरा में बीती रात बदमाशों ने दुस्साहस दिखाते हुए एक बड़ी चोरी को अंजाम दिया है। पहलवान सिंह धाकड़ के घर में घुसे चार हथियारबंद बदमाशों ने पूरे परिवार को बंधक बनाकर लगभग 15 लाख रुपये की कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। वारदात के दौरान बदमाशों ने मकान मालिक पहवान को खंभे से बांध दिया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। वारदात रविवार-सोमवार दरमियानी रात करीब 1 बजे की है। पहलवान सिंह धाकड़ अपने घर में सो रहे थे, तभी चार बदमाश घर में दाखिल हुए। पहलवान सिंह ने बताया कि एक बदमाश ने उनके बाल पकड़ लिए और दूसरे ने उनके सीने पर बंदूक तान दी। बदमाशों ने उन्हें डराते हुए कहा, अगर शोर मचाया या बोला तो चटका दूंगा। बदमाश इतने शातिर थे कि वे आपस में बात करने के बजाय केवल इशारों में निर्देश दे रहे थे। पहलवान के मुताबिक बदमाश ने घर के अलमारी और बक्सों को खंगालकर लगभग 12 तोला सोना, आधा किलो से ज्यादा चांदी और 3 लाख 75 हजार रुपए नगदी सहित कुल 15 लाख रुपए जेवर और नगदी लेकर भागने में सफल हो गए हैं। बदमाश जब चोरी और लूटपाट कर भाग गए, तब पहलवान सिंह ने शोर मचाया। आवाज सुनकर आए एक रिश्तेदार ने उन्हें खंभे से खोलकर मुक्त कराया और बेटों को कमरों से बाहर निकाला। पीड़ित पहलवान सिंह धाकड़ ने बमोरी थाने पहुंचकर मामले की सूचना दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और क्षेत्र में नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। गांव में इस सनसनीखेज वारदात के बाद से दहशत का माहौल है।

## खेल और प्रदर्शनी के जरिए विद्यार्थियों ने समझे गणित के सूत्र

**गुना।** महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर मनाए जाने वाले 'राष्ट्रीय गणित दिवस' के उपलक्ष्य में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। गणित विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गणित को किताबी ज्ञान से बाहर निकालकर व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई गणितीय पोस्टर प्रदर्शनी रही। इसमें चार्ट्स और सरल प्रयोगों के माध्यम से यह समझाया गया कि हमारे दैनिक जीवन में गणित का उपयोग कितना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, परिसर में पहेलियाँ, क्विज, नंबर गेम्स और लॉजिक गेम्स के स्टॉल लगाए गए, जिन्होंने विद्यार्थियों की तार्किक सोच और विषय के प्रति रुचि को बढ़ाया। आयोजन को रोचक बनाने के लिए विद्यार्थियों ने स्वयं फूड स्टॉल भी लगाए। प्राचार्य डॉ. बी.के. तिवारी ने बताया कि इन स्टॉल्स के माध्यम से विद्यार्थियों ने बाजार प्रबंधन, लागत-लाभ और गणना कौशल का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। यह प्रयोग शिक्षा को जीवन से जोड़ने का एक बेहतर माध्यम साबित हुआ। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. बी.के. तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों के मन से गणित के प्रति बैठे भय को दूर करना है। जब विद्यार्थी खेल-खेल में गणना करना सीखते हैं, तो सीखने की प्रक्रिया बोझिल होने के बजाय आनंदमय बन जाती है। कार्यक्रम के अंत में गणित विभाग द्वारा सभी सहभागी विद्यार्थियों को स्वल्पाहार कराया गया।

## राष्ट्रपति पदक से सम्मानित जांबाज सोम सिंह का निधन




**गुना।** मध्यप्रदेश पुलिस में साहस और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश करने वाले जांबाज अधिकारी सोम सिंह रघुवंशी अब हमारे बीच नहीं रहे। उनके निधन की खबर से पूरे गुना जिले सहित पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है। सोमवार को गुना के बूढ़े बालाजी स्थित श्रीराम मुक्तिधाम में गमगीन माहौल के बीच उनका अंतिम संस्कार किया गया। उन्हें अंतिम विदाई देने के समय गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। सोम सिंह रघुवंशी के नाम वीरता का वह किस्सा दर्ज है, जो आज भी पुलिस जवानों के लिए प्रेरणा है। घटना 20 फरवरी 1982 की है, जब वे हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। उन्हें सूचना मिली कि विदिशा का खूंखार डाकू भगत सिंह, जिसने एक पूर्व विधायक की हत्या की थी और कई बड़ी डकैतियों में शामिल था, गुना जिले में छिपा हुआ है। मुठभेड़ के दौरान जब डकैत भगत सिंह ने अपनी 12 बोर की बंदूक से उन पर फायर किया, तब सोम सिंह अपनी जान की परवाह किए बिना सीधे डकैत से भिड़ गए। अदम्य साहस का परिचय देते हुए उन्होंने अकेले ही उस खतरनाक डकैत को दबोच लिया। उनकी इसी वीरता के लिए उन्हें महामहिम राष्ट्रपति द्वारा पुलिस पदक से सम्मानित किया गया था। सोम सिंह रघुवंशी न केवल एक साहसी पुलिस अधिकारी थे, बल्कि वे अपने मिलनसार और सहज व्यक्तित्व के लिए भी पहचाने जाते थे। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे सामाजिक रूप से सक्रिय रहे।

वे अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम विदाई में शहर के गणमान्य नागरिक, पुलिस अधिकारी और परिजन शामिल हुए। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लोगों ने कहा कि सोम सिंह जी का निधन जिले के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

**सीआरई** ▶ **भारत में 9 से 14 प्रतिशत बच्चे न्यूरो डेवलपमेंटल विकास से ग्रसित**

## विकासात्मक विकारों के समग्र उपचार पर दो दिनी आयोजन शुरू




**नवभारत न्यूज**

**गुना। मन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन एंड साइको लॉजिकल स्टडीज, गुना द्वारा सोमवार को दो दिवसीय क्षेत्रीय स्तरीय निरंतर पुनर्वास शिक्षा (सीआरई) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।**

विकासात्मक विकारों की समग्र देखभाल विषय पर आयोजित इस दो दिवसीय संगोष्ठी में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए नैदानिक मनोवैज्ञानिकों, विशेष शिक्षकों, वाक विशेषज्ञों (स्पीच थेरेपिस्ट), व्यावसायिक चिकित्सकों (ऑक्युपेशनल थेरेपिस्ट) और पुनर्वास विशेषज्ञों ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम के लिए भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा निर्धारित अधिकतम 50 सीटों पर विशेषज्ञों का चयन किया गया था। संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि विश्व स्तर पर लगभग 7 से 15 प्रतिशत बच्चे किसी न किसी विकासात्मक विकार से प्रभावित हैं। भारत में भी 9 से 14 प्रतिशत बच्चों में न्यूरो-डेवलपमेंटल विकार जैसे ऑटिज्म, एडीएचडी, बौद्धिक अक्षमता और सीखने की अक्षमता (लर्निंग डिसऑर्डर) पाए जाते हैं। शुभारंभ सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर किशन यादव उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथि के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर ललित कुमार नामदेव, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर रामवीर सिंह रघुवंशी, ओंकार कॉलेज ऑफ नर्सिंग के अध्यक्ष प्रदीप सेन तथा जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आरएस भाटी मौजूद रहे। समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर किशन यादव ने अपने उद्बोधन में संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मन कॉलेज उन बच्चों के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है जो किसी कारणवश समाज की मुख्यधारा से पीछे रह गए हैं।

**केवल दवा नहीं, थेरेपी और परिवार का सहयोग जरूरी**

चर्चा के दौरान विशेषज्ञों ने जोर दिया कि प्रारंभिक पहचान, बहु-विषयक हस्तक्षेप और परिवार-केंद्रित देखभाल के माध्यम से बच्चों के व्यवहार और सामाजिक समावेशन में सुधार किया जा सकता है। सत्रों में बताया गया कि ऐसे बच्चों के उपचार में केवल दवाएं पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन, व्यवहार चिकित्सा, विशेष शिक्षा, और माता-पिता का प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही दिव्यांग प्रमाण पत्र और पुनर्वास सेवाओं जैसी सरकारी योजनाओं के लाभ के प्रति भी जागरूक किया गया।

**इन्होंने भी दिया वक्तव्य**

विभिन्न सत्रों में तकनीकी मार्गदर्शन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों में डॉक्टर अजय शर्मा ने नैदानिक दृष्टिकोण, डॉक्टर जोगिंदर सिंह ने व्यवहार संबंधी चिंताओं के समाधान, और डॉक्टर राजेंद्र कुमार शर्मा ने प्रारंभिक पहचान के रास्तों पर प्रकाश डाला। वहीं, डॉक्टर रंजीत कुमार ने विकासात्मक देखभाल प्रबंधन, डॉक्टर पंकज कुमार ने समावेशी कक्षाओं के निर्माण और डॉक्टर विकास कुमार ने शैक्षिक नवाचारों व सहायक रणनीतियों पर अपना शोधपरक मार्गदर्शन प्रदान किया।



## नरोत्तम यादव को स्वामी रामदेव ने सौंपी योगाचार्य की उपाधि

**गुना।** जिला मीडिया प्रभारी पतंजलि योग समिति गुना (मप. पश्चिम), नरोत्तम यादव ने योग के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर जिले का गौरव बढ़ाया है। हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ वेलनेस योग ग्राम में आयोजित एक गरिमामयी समारोह के दौरान विश्व विख्यात योग ऋषि स्वामी रामदेव द्वारा उन्हें 'योगाचार्य' (योग मास्टर एवं इवैल्यूएटर) के प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। यह महत्वपूर्ण उपाधि भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अधीन 'योग सर्टिफिकेशन बोर्ड' द्वारा प्रदान की गई है। स्वामी रामदेव ने नरोत्तम यादव को यह प्रमाण पत्र सौंपते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और योग के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान की सराहना की। इस उपलब्धि पर पतंजलि योग समिति के सदस्यों और जिले के योग प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है। नरोत्तम यादव ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरुओं के मार्गदर्शन और नियमित अभ्यास को दिया है। अब वे अधिकृत योगाचार्य के रूप में योग की बारीकियों और उसके वैज्ञानिक महत्व को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे।

## राठौर समाज का विवाह सम्मेलन आज

**गुना।** समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी राठौर परिवार द्वारा एक बार फिर मानवता और समाज सेवा की अनूठी मिसाल पेश की जा रही है। समाजसेवी तथा राठौर समाज के संरक्षक प्रेम नारायण राठौर (दादा) द्वारा अपने माता-पिता की पुण्यतिथि के अवसर पर 23 दिसंबर को नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पुरानी छावनी स्थित श्रीराम मैरिज गार्डन में संपन्न होगा। प्रेम नारायण राठौर अपने पिता सेठ रामलाल राठौर की 43वीं पुण्यतिथि की स्मृति में इस सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। विवाह सम्मेलन के साथ-साथ इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर की महिलाएं सहभागिता करेंगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज की बेटियों को शिक्षा के प्रति जागृत करना है।